>

Title: Need to provide a halt to Amritsar-Haridwar Jan Shatabdi Express at Phagwara Railway Station in Kapurthala, Punjab.

श्रीमती संतोष चौधरी (होशियारपुर): महोदय, फगवाड़ा जो कि जिला कपूरथला में है तथा मेरे होशियारपुर संसदीय क्षेत्र् में ऐता है के निवासियों की, रेलवे मंत्रालय के अधीन अमृतसर से हरिद्वार जाने वाली जनशताब्दी गाड़ी फगवाड़ा रेलवे स्टेशन पर रूकवाने की मांग काफी समय से लंबित अवस्था में पड़ी है। हजारों की तादाद में हिन्दू तीर्थ यात्री हरिद्वार तीर्थ स्थल के दर्शन करने अथवा अपने निकट संबंधियों के कर्म काण्ड के उपलक्ष्य में वहां जाते हैं। हरिद्वार जाने का रेल द्वारा फगवाड़ा स्टेशन से कोई भी सुविधा न होने के कारण फगवाड़ा तथा आस पास के क्षेत्रों के लोगों में बहुत नाराजगी है।

मंत्री महोदय से मेरा निवेदन है कि आप लोगों की समस्या का ध्यान देते हुए जन शताब्दी गाड़ी फगवाड़ा स्टेशन पर दो मिनट ठहराने का आदेश देकर व्ृEतार्थ करें।